मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांक 16.02.2026

थाना अहरौरा साइबर टीम द्वारा गलती से अज्ञात व्यक्ति के खाते में पैसा भेजने की घटना से सम्बन्धित ₹ 70,729/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

आवेदक अनिल कुमार पाण्डेय पुत्र कमलेश पाण्डेय नि. सोनपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन ठगी की सूचना दिनांक 24.01.2026 को थाना अहरौरा की साइबर सेल में दी गई। जिसमें आवेदक द्वारा गलती से अज्ञात व्यक्ति के खाते में 1,04000 रू भेज दिये गये थे। इस संबंध में आवेदक का शिकायत NCRP पोर्टल पर दर्ज किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा की साइबर सेल टीम द्वारा जांच प्रारंभ की गई है।।

"अपर्णा रजत कौशिक" पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन महोदय के नेतृत्व में थाना अहरौरा की साइबर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान कटी धनराशि में से धनराशि 70,729/- आवेदक के खाते वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना अहरौरा पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। तथा आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई।

पुलिस टीम का विवरण-

1. अजय मिश्र, थानाध्यक्ष थाना अहरौरा, मीरजापुर।
2. हे0का0 नरेन्द्र सिंह, का0 पवन गुप्ता, म0का0 महिमा उपाध्याय, साइबर सेल, थाना अहरौरा।

****